# आईएएस अफसरों में हुई बोट रेस, गाने भी सुनाए

**आईएएस सर्विस मीट का दूसरा दिन**





**भोपाल, 20 दिसंबर. दफ्तरों में रात-दिन फाइलों में व्यस्त रहने वाले आईएएस अफसर इन दिनों अपने परिवार के संग गीत-संगीत, स्पर्धाओं, खेलकूद का आनंद ले रहे हैं. दो दिन से आयोजित आईएएस सर्विस मीट के तहत शनिवार को बड़े तालाब के बोट क्लब पर आईएएस अधिकारियों के बीच बोट रेस हुई.**

इसमें अधिकारी और उनके परिजन कड़ाके की ठंड में उत्साह के साथ शामिल हुए. स्पर्धा में चार टीमें बनाई गईं थीं, रेड, ब्लू, ग्रीन और यलो. बोट क्लब पर 200 मीटर की दूरी वाली बोट रेस में प्रत्येक टीम में तीन पुरुष, एक अनुभवी खिलाड़ी, एक महिला और एक बालक शामिल थे, साथ ही चार सपोर्ट सदस्य एक गाइड और एक ड्रमर भी टीम के साथ थे. बोट रेस के दौरान डीजे की धुनों और गीत-संगीत गूंज रहा था.

इस दौरान आईएएस अधिकारियों ने फिल्मी गाने भी गाए. यहां पर प्रतियोगिता के विजेताओं को सचिव मुख्यमंत्री एवं पर्यटन विकास निगम के एमडी इलैया राजा टी ने पुरस्कार वितरित किए.

इसके बाद आईएएस अधिकारियों और उनके परिजन ने अरेरा क्लब में हुई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया. यहां चारों हाउस के तहत कुकिंग प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें अधिकारियों ने अलग-अलग व्यंजन तैयार किए. इस दौरान महिला और पुरुष आईएएस अधिकारियों के साथ उनके परिजनों ने अपनी-अपनी टीम का उत्साहवर्धन किया. अरेरा क्लब में टी-20 फुटबाल मैच, पतंगबाजी, टी-5 क्रिकेट टूर्नामेंट, फन गेम्स, पेंटिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, पूल, बिलियड्र्स सहित अन्य प्रतियोगिताएं दिनभर हुईं.

> *आईएएस सर्विस मीट के तीसरे दिन रविवार को साइक्लिंग, क्विज, टग ऑफ वार, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पूल, बिलियड्र्स, रैपिड रेस, ब्रिज सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी. अरेरा क्लब में क्लोजिंग सेरेमनी, पुरस्कार वितरण के साथ ही आईएएस सर्विस मीट का समापन होगा.*



## परिचय सम्मेलन सामाजिक समरसता का माध्यम : देवड़ा

▶ उपमुख्यमंत्री ने जीनगर समाज के परिचय सम्मेलन के पत्रक का किया विमोचन

**भोपाल, 20 दिसंबर. जीनगर समाज भोपाल द्वारा परिचय सम्मेलन सेवा समिति के तत्वावधान में 18 जनवरी 2026 को होने वाले अखिल भारतीय द्वितीय परिचय सम्मेलन के पत्रक का विमोचन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा किया गया.**

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि परिचय सम्मेलन समाज में सामाजिक समरसता, एकता, उन्नति तथा मितव्ययी विवाह परंपरा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी समाजजनों को दी.

आयोजन समिति के अध्यक्ष भगवानदास ढालिया ने समाज में किए जा रहे नवाचार, सेवा, सहयोग एवं संस्कार आधारित कार्यों की जानकारी उपमुख्यमंत्री को दी. कार्यक्रम में अजय पवार, हरिओम आसेरी, अशोक सांकले, देवेंद्र चौहान, राजेश आसेरी, मुकेश पवार, संजय डाबी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे.

# विद्यार्थियों ने दिखाया टैलेंट, हर बाधा की पार

## कैम्पियन स्कूल में 56वां वार्षिक खेल महोत्सव दिवस आयोजित



**भोपाल, 20 दिसंबर. पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बच्चों का कितना रूझान है, इसकी झलक शनिवार को देखने को मिली कैम्पियन स्कूल, भोपाल के खेल मैदान में, जहां विद्यालय के 56वां वार्षिक खेल महोत्सव दिवस 2025 का आयोजन किया गया.**

विद्यालय के कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं के सेकेण्डरी सेक्शन के लगभग 1000 छात्र-छात्राएं इस खेल दिवस का हिस्सा बनें. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल जैक्सन जोस कुटटूर (पूर्व छात्र कैम्पियन स्कूल), प्राचार्य फादर डॉ. अथनस लकड़ा एस.जे. सुपीरियर एवं मैनेजर फादर के साथ उप प्राचार्य फादर मनोज मिंज एसजे, हैडमिस्ट्रैस सिस्टर रेनिशा आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत करके किया गया. मुख्य अतिथि द्वारा इस समारोह के शुभारंभ की घोषणा के बाद स्कूल के चारों सदनों नेहरू हाऊस, अशोका हाऊस, टैगोर हाऊस व गांधी हाऊस के छात्रों एवं उनके पैरेंट्स के सामने मार्चपास्ट करके की गई.

> छात्रों के लिए 100 मीटर रेस, सब जूनियर और जूनियर वर्ग में 4 गुणा 100 मीटर रिले, इंटर्स और सीनियर वर्ग में 4 गुणा 400 मीटर रिलेरेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. मैनेजर ऑफ द मीट उपप्राचार्य फादर मनोज मिंज और चीफ जज और रेफरी के तौर पर जोंसी कोशी उपस्थित थे.

# हमारे राम में आशुतोष राणा बनेंगे रावण

▶ रवीन्द्र भवन में 27-28 दिसंबर को होगा मंचन



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 दिसंबर. अपनी सशक्त आवाज और दमदार अभिनय से दर्शकों को बांधने वाले अभिनेता आशुतोष राणा रामायण आधारित नाटक हमारे राम में रावण की भूमिका की भूमिका में भोपाल के दर्शकों को नजर आएंगे. उनका यह प्रभावशाली अभिनय 27 और 28 दिसंबर को रवीन्द्र भवन सभागार में देखा जा सकेगा.**

दर्शकों की मांग पर नाटक हमारे राम का मंचन भोपाल शहर में होगा. थिएटर कंपनी फेलिसिटी थिएटर द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का निर्देशन गौरव भारद्वाज ने किया है. नाटक के माध्यम से रामायण के कुछ ऐसे अनदेखे और अनकहे प्रसंगों को मंच पर उतारा जायेगा, जो इसे अन्य प्रस्तुतियों से अलग बनाते हैं. नाटक में भगवान राम की भूमिका में राहुल आर भुचर, हनुमान के रूप में दानिश अख्तर, शिव की भूमिका में तरुण खन्ना, माता सीता के रूप में अमृता परिहार और सूर्य देव की भूमिका में करण शर्मा दिखाई देंगे.

# नाटक मेरी यात्रा अटल यात्रा का मंचन

## एक ही कलाकार ने प्रस्तुत की अटल जी की जीवनयात्रा



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 दिसंबर. मंच पर एक अभिनेता और सामने पूरा युग. भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन, विचार और संवेदनाएं रंगमंच पर तब सजीव हो उठीं. जब शनिवार शाम शहीद भवन के सभागार में एकल नाट्य प्रस्तुति मेरी यात्रा अटल यात्रा का मंचन किया गया. संवाद, कविता और भावाभिनय के माध्यम से दर्शकों ने अटलजी को केवल राजनेता नहीं, बल्कि कवि हृदय और राष्ट्र को समर्पित व्यक्तित्व के रूप में महसूस किया.**

नाटक में अटलजी के संघर्ष, संकल्प और देशप्रेम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया. अभिनेता विपिन कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाते हुए उनके व्यक्तित्व की गंभीरता, संवेदना और ओज को मंच पर उतारा. नाटक में प्रस्तुत कविताओं और विचारों के माध्यम से अटलजी का जीवन दर्शन दर्शकों तक सीधे पहुंचा. नाटक में अटल जी की कविता हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा जैसी पंक्तियों पर सभागार में बैठे दर्शकों की नजरें मंच पर टिकी रही.

> मानो स्वयं अटल अपनी कविता को कहते हुए दर्शक के समक्ष हैं. प्रस्तुति में प्रकाश और संगीत का संयमित प्रयोग नाटक की आत्मा को और गहराई देता नजर आया. एकल अभिनय की चुनौती को कलाकार ने पूरे आत्मविश्वास के साथ निभाया. नाटक में अटलजी की शुरुआती संघर्ष यात्रा से लेकर उनके राष्ट्रनायक बनने तक के पड़ावों को प्रभावी दृश्यात्मक भाषा में प्रस्तुत किया गया. नाटक का लेखन निर्देशन और निर्माण चंद्रभूषण सिंह द्वारा किया गया. उन्होंने अटलजी को एक विचार और एक युग की आवाज के रूप में मंच पर प्रस्तुत किया.

## एक नजर में



### राम कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया केवट प्रसंग

**भोपाल, 20 दिसंबर.** शहर के नेहरू नगर डी सेक्टर में चल रही श्री राम कथा के सातवें दिन शनिवार को कथावाचक सर्वेस्वरानन्द सरस्वती महाराज ने श्रद्धालुओं को केवट प्रसंग सुनाया. राम कथा में केवट प्रसंग एक महत्वपूर्ण और भावपूर्ण घटना मानी जाती है. इसमें भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान गंगा नदी पार करने के लिए केवट से नाव मांगने और केवट द्वारा उनके चरण धोने की कथा का वर्णन है. यह प्रसंग भगवान राम की भक्ति और प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है. कथा संयोजक अजय पांडेय ने बताया कथा का समापन सोमवार 22 दिसंबर को होगा.

### दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद में दिखाई प्रतिभा

**भोपाल, 20 दिसंबर.** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर शनिवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय शिवाजी नगर में दिव्यांग बच्चों की खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. मैदान और सभागार में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था. जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए दिव्यांग बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान खेलकूद साहित्यिक और सांस्कृतिक स्पर्धाएं आयोजित की गईं. बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 46 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर पाराशर और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अरुण विजयवर्गीय ने किया. समापन अवसर पर लोक शिक्षण संचालनालय से दिव्यांग कक्ष प्रभारी डॉ मिनी मेहरा, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार, आईटी कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता, प्राचार्य लता मालाकार और सहायक परियोजना समन्वयक विनोद गुप्ता उपस्थित रहे. मंच संचालन कल्पना मिश्रा ने किया.

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**भोपाल.** कंडिका 14 सर्व समाज संघ द्वारा रविवार 21 दिसंबर को राजधानी भोपाल के कनक मैरिज गार्डन करोंद न्यू जेल रोड पर अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. सर्व समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रताप चंद्र जाटव ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन में कंडिका 14 के अंतर्गत आने वाली मध्य प्रदेश की समस्त उपजातियों के परिवार भाग लेंगे. इनमें गुरु रविदास जी को मानने वाली सभी उपजातियां शामिल होंगी.


डिस्प्ले क्लासीफाइड

SONI OPTICIANS
Better Vision, Better Identity
Offer Specs Starting ₹449
Free Eye Testing with Professionally
Buy Frame and Blue Cut Lens Free
Add.: Near True Value Showroom, Prabhat Petrol Pump, Ashoka Garden, Bhopal M.P., Cont.: 9893040484
Cont.: 9893040484

Call: 9250029131
7985066691
Seva Shri POHA
100% Pure Vegetarian
₹25 Dahi Poha | ₹25 Konkani Poha | ₹25 Matki Poha | ₹25 Kurkure Poha
₹25 Sabzi Poha | ₹25 Onion Poha | ₹25 Sambher Poha | ₹25 Indori Poha
₹40 Paneer Poha | ₹35 Lassi | ₹15 Chai
Near Mahindra Coaching Zone-2

SINCE-2009
लक्ष्य ANURAG'S ACADEMY & लाइब्रेरी
लक्ष्य है सरकारी, तो LAKSHYA ANURAG'S ACADEMY से करें तैयारी
BANK | RAILWAY | SSC | AGNIVEER | MPSI | MP POLICE
NAVY | AIRFORCE | PATWARI | JAIL PRAHARI | MPPSC
MPPEB SPECIAL | MPTET | CTET | ALL GOVT. EXAMS
विगत वर्षों में लक्ष्य कोचिंग के 250+ Students ने विभिन्न Govt Exam में Qualify किया

VAN VIHAR NATIONAL PARK & ZOO
आइए,
प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जिएं
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू, भोपाल द्वारा
डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया एवं पीसीपीसी के सहयोग से
मध्यप्रदेश शिक्षक
प्रकृति संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम
(MPTTNC 2025-2028)
यह कार्यक्रम विद्यालय शिक्षकों को प्रकृति शिक्षा, व विविधता संरक्षण, सतत जीवन शैली, जलवायु परिवर्तन एवं मिशन LifE से संबंधित मूलभूत ज्ञान, क्षेत्रीय अनुभव एवं संप्रेषण कौशल प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है, जिससे वे विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी नागरिक बना सकें।
कार्यक्रम स्थल - वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल

| पाठ्यक्रम सत्र | तारीख |
|---|---|
| प्रथम पायलट पाठ्यक्रम | 27-28 दिसंबर 2025 |
| द्वितीय पायलट पाठ्यक्रम | 10-11 जनवरी 2026 |
| प्रथम नियमित पाठ्यक्रम | 17-18 जनवरी 2026 |
| द्वितीय नियमित पाठ्यक्रम | 24-25 जनवरी 2026 |
| तृतीय नियमित पाठ्यक्रम | 31 जनवरी - 1 फरवरी 2026 |
| चतुर्थ नियमित पाठ्यक्रम | 7-8 फरवरी 2026 |
| पंचम नियमित पाठ्यक्रम | 14-15 फरवरी 2026 |
| षष्ठ नियमित पाठ्यक्रम | 21-22 फरवरी 2026 |

इच्छुक शिक्षक
नीचे दिए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं
अधिक जानकारी हेतु
कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, पाठ्यक्रम संरचना एवं दिशा-निर्देशों के लिए कृपया वेबसाइट देखें
https:/vanviharnationalpark.org/document/documents
जागरूकता से संरक्षण की ओर, कक्षा से प्रकृति तक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू, भोपाल
D-11169/25